Under CSR Support by
ipca | Foundation
missiongyan

अध्याय-1 | लोकतंत्र क्या? लोकतंत्र क्यों?

Worksheet-1

बहुविकल्पी प्रश्न

1. समकालीन विश्व में किस प्रकार के राज्य हैं?

(अ) अलोकतांत्रिक राज्य
(ब) इनमें से कोई नहीं
(स) लोकतांत्रिक राज्य
(द) लोकतांत्रिक तथा अलोकतांत्रिक दोनों प्रकार के राज्य

2. लोकतंत्र किस यूनानी शब्द से निकला है?

(अ) डेमोक्रेटी
(ब) डेमोक्रेट
(स) इनमें से कोई नहीं
(द) डेमोक्रेशिया

3. निम्न में से किस देश में प्रत्यक्ष लोकतंत्र को देखा जा सकता है?

(अ) अमेरिका
(ब) स्विट्जरलैंड
(स) इनमें से कोई नहीं
(द) भारत

4. भारत में किस प्रकार का लोकतंत्र है?

(अ) प्रत्यक्ष लोकतंत्र
ब) प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों
(स) इनमें से कोई नहीं
(द) अप्रत्यक्ष लोकतंत्र

5. विचारों को व्यक्त कर सकने की स्वतन्त्रता को क्या कहा जाता है?

(अ) कानून का शासन
(ब) जनमत निर्माण
(स) जनमत निर्माण और कानून का शासन दोनों ही
(द) अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता

6. जनता का वह मत जो निश्चित हो तथा सबके हितों से प्रेरित होकर कार्यरत हो, उसे क्या कहते हैं?

(अ) जनमत
(ब) विधि का शासन
(स) इनमें से कोई नहीं
(द) अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता

7. चीनी संसद का क्या नाम है?

(अ) राष्ट्रीय जन समिति
(ब) राष्ट्रीय जन संसद
(स) राष्ट्रीय जन सम्मेलन
(द) नई जन संसद

8. वापिस बुलाना क्या होता है —

(अ) सभी विकल्प सही हैं
(ब) संविधान में संशोधन करने के लिए जनता की राय लेना
(स) शासन को संविधान के अनुसार चलाना
(द) जनता द्वारा अपने प्रतिनिधियों को उनके निश्चित समय से पूर्व बुलाना

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App

9. निम्नलिखित में से किस प्रकार की शासन व्यवस्था में चुनावों को महत्त्व दिया जाता है?

(अ) कुलीनतंत्र (ब) लोकतंत्र

(स) राजतंत्र (द) इनमें से कोई नहीं

10. निम्नलिखित में से लोकतंत्र के समक्ष कौन-सी चुनौती नहीं है—

(अ) जातिवाद, साम्प्रदायिकता (ब) वयस्क मताधिकार

(स) इनमें से कोई नहीं (द) आर्थिक असमानता

रिक्त स्थान :

11. लोकतंत्र में विपक्ष _____।

12. लोकतंत्र की सफलता के लिए आवश्यक है _____ ।

सत्य / असत्य

13. तानाशाही राज्य में सरकार जनता के प्रति जवाबदेह होती है।

14. जनमत-संग्रह, प्रस्तावाधिकार, उपक्रम आदि प्रत्यक्ष लोकतंत्र के साधन हैं।

अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

15. कोई एक लोकतांत्रिक कार्य लिखिए।

16. ऐसा कौन-सा देश है जहाँ चुनाव होते हैं लेकिन मतदाताओं के पास असली विकल्प नहीं होता?

लघूत्तरात्मक प्रश्न

17. लोकतंत्र में गलतियाँ कैसे सुधारी जाती हैं?

18. शासकों की जनप्रियता को लोकतंत्र कहने के लिए क्यों पर्याप्त नहीं माना जा सकता?

निबंधात्मक प्रश्न

19. लोकतंत्र में नागरिकों के अधिकारों का महत्व बताइए।

20. लोकतंत्र को अन्य शासन प्रणालियों से बेहतर क्यों माना जाता है?

HOTS

21. इनमें से किन कथनों को आप लोकतात्रिक समझते हैं? क्यों?

i. बेटी से बाप: मैं शादी के बारे में तुम्हारी राय सुनना नहीं चाहता। हमारे परिवार में बच्चे वहीं शादी करते हैं जहाँ माँ-बाप तय कर देते हैं।

ii. छात्र से शिक्षक: कक्षा में सवाल पूछकर ध्यान मत बँटाओ।

iii. अधिकारियों से कर्मचारी: हमारे काम करने के घंटे कानून के अनुसार कम किए जाने चाहिए।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App

1. (द) समकालीन विश्व में लोकतांत्रिक तथा अलोकतांत्रिक दोनों प्रकार के राज्य हैं।
2. (द) डेमोक्रेशिया।
3. (ब) स्विट्जरलैण्ड में प्रत्यक्ष लोकतंत्र को किसी न किसी रूप में देखा जा सकता है। प्रत्यक्ष लोकतंत्र छोटे तथा कम जनसंख्या वाले देशों में संभव है। भारत अधिक जनसंख्या वाला बड़ा देश है। अमेरिका में भी अप्रत्यक्ष लोकतंत्र है।
4. (द) भारत में अप्रत्यक्ष लोकतंत्र है। यहाँ नागरिक चुनावों के द्वारा अपने प्रतिनिधियों का चयन करते हैं, फिर इन्हीं प्रतिनिधियों से सरकार बनती है।
5. (द) विचारों को व्यक्त कर सकने की स्वतन्त्रता को अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता कहते हैं। इसके अनुसार व्यक्ति बोलकर या लिखकर अपने विचारों को व्यक्त करता है।
6. (अ) जनता का वह मत जो निश्चित हो तथा सबके हितों से प्रेरित होकर कार्यरत हो उसे जनमत कहते हैं। जबकि अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता का अर्थ विचारों को व्यक्त करने की स्वतन्त्रता है। इस प्रकार विधि के शासन का अर्थ है- कानून का शासन।
7. (ब) राष्ट्रीय जन संसद।
8. (द) वापिस बुलाने का अर्थ है कि जनता अपने प्रतिनिधियों को उनके निश्चित समय से पूर्व ही बुला सकती है, यदि वे प्रतिनिधि जनता के हितों की उपेक्षा करते हैं।
9. (ब) लोकतंत्रीय शासन व्यवस्था में चुनावों को महत्त्व दिया जाता है, क्योंकि इसके माध्यम से लोगों को सरकार में भागीदारी होती है। उनकी अपनी सरकार होती है जो उन्हीं के हितों के लिए कार्य करती है। जबकि राजतंत्र में राजा का पद पैतृक होता हैं, वहाँ चुनावों को स्थान नहीं दिया जाता। इसी प्रकार कुलीनतंत्र में भी कुलीन वर्ग का आधिपत्य रहता है।
10. (ब) वयस्क मताधिकार लोकतंत्र के समक्ष चुनौती नहीं है, यह तो लोकतंत्र की आधारशिला है। जबकि आर्थिक असमानता, जातिवाद, साम्प्रदायिकता आदि लोकतंत्र के सामने अनेक चुनौतियाँ हैं।
11. **रिक्त स्थान :** सरकार को जनता के हित में नीतियाँ बनाने के लिए उत्साहित करता है
12. **रिक्त स्थान :** लोगों में राजनीतिक चेतना और स्वतन्त्र तथा निष्पक्ष चुनाव दोनों
13. **सत्य / असत्य :** असत्य
14. **सत्य / असत्य :** असत्य
15. लोकतंत्र में हर नागरिक को मतदान करने का अधिकार है।
16. चीन।
17. लोकतंत्र स्वयं की गलतियों को सुधारने की अनुमति देता है। इसकी कोई गारंटी नहीं है कि लोकतंत्र में कोई गलती नहीं हो सकती। सरकार का कोई भी स्वरूप इसकी गारंटी नहीं दे सकता। लोकतंत्र का गुण यह है कि ऐसी गलतियाँ लंबे समय तक छिपी नहीं रहती। इन गलतियों पर सार्वजनिक चर्चा की जा सकती है और गलती सुधारने का अवसर भी उपलब्ध रहता है या तो शासकों को अपने निर्णय बदलने पड़ते हैं अन्यथा शासकों को बदल दिया जाता है।
18. क्योंकि लोकतंत्र में केवल जनप्रियता नहीं, बल्कि नागरिकों के अधिकारों की रक्षा, निष्पक्ष चुनाव और कानून का पालन भी ज़रूरी होता है। एक शासक लोकप्रिय हो सकता है, फिर भी अगर वह विपक्ष को दबाए और लोगों की स्वतंत्रता छीने, तो वह शासन लोकतांत्रिक नहीं कहलाएगा।
19.
1. विचार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रतालोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक को स्वतंत्र रूप से सोचने और अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार होता है।इससे लोग सरकार की नीतियों की आलोचना भी कर सकते हैं और सुझाव दे सकते हैं।
2. संगठन और संघ बनाने का अधिकारनागरिक अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर संगठन, यूनियन, पार्टियाँ बना सकते हैं।इससे सरकार पर दबाव बनाया जा सकता है कि वह जनहित में कार्य करे।

100% FREE! VIDEO COURSES | QUIZ | PRE TEST SERIES
Download Mission Gyan App

3. शांतिपूर्ण प्रदर्शन और विरोध का अधिकारनागरिकों को शांतिपूर्ण तरीके से रैलियाँ निकालने और विरोध करने का अधिकार होता है।यह सत्ता के दुरुपयोग को रोकने का एक अहम साधन है।
4. कानून के समक्ष समानतालोकतंत्र में सभी नागरिक कानून की नजर में समान होते हैं।चाहे कोई गरीब हो या अमीर, सबको समान अधिकार और न्याय मिलता है।
5. न्यायपालिका की स्वतंत्रता और अधिकारों की रक्षास्वतंत्र न्यायपालिका नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करती है।यदि किसी के अधिकारों का हनन होता है तो वह अदालत में जाकर न्याय पा सकता है।
6. लोकतंत्र की मजबूती और उत्तरदायित्वये अधिकार नागरिकों को जागरूक बनाते हैं और शासन को जनता के प्रति उत्तरदायी बनाए रखते हैं।अधिकारों के बिना लोकतंत्र केवल नाम का रह जाएगा।

20.

1. जनता द्वारा चुनी गई सरकारलोकतंत्र में शासक जनता के द्वारा चुने जाते हैं।वे जनता के प्रति जवाबदेह होते हैं और जनता की सेवा करना उनका कर्तव्य होता है।
2. बेहतर निर्णय लेने की प्रक्रियालोकतंत्र में किसी भी बड़े निर्णय से पहले चर्चा, परामर्श और बहस होती है।इससे निर्णयों में त्रुटि की संभावना कम होती है और फैसले अधिक जनहितकारी होते हैं।
3. गलतियों को सुधारने की क्षमतालोकतांत्रिक शासन में यदि कोई गलती हो जाती है तो उसे सुधारने का अवसर रहता है।जनता चुनावों के माध्यम से सरकार को बदल सकती है या नीतियों पर दबाव बना सकती है।
4. नागरिकों की गरिमा और सम्मानलोकतंत्र सभी नागरिकों को समान अधिकार और सम्मान देता है।जाति, धर्म, लिंग, भाषा या संपत्ति के आधार पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता।
5. विविधता में एकता और शांतिलोकतंत्र विभिन्न जाति, धर्म, भाषा और संस्कृति वाले लोगों को मिलजुलकर रहने का अवसर देता है।यह व्यवस्था विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने का तरीका प्रदान करती है।
6. सत्ता का दुरुपयोग रोकनालोकतंत्र में सत्ता पर नियंत्रण के कई उपाय होते हैं जैसे स्वतंत्र मीडिया, न्यायपालिका और चुनाव आयोग।इससे शासकों द्वारा सत्ता के दुरुपयोग की संभावना कम हो जाती है।

21.

i. पहला कथन अलोकतांत्रिक है क्योंकि लड़की को उसकी अपनी शादी के बारे में राय व्यक्त करने के अवसर से वंचित किया जा रहा है। लड़की को ही अपने पति के साथ अपना संपूर्ण जीवन बिताना है इसलिए अपना पति चुनने के लिए उसे पूरी आजादी दी जानी चाहिए।
ii. दूसरा कथन अलोकतांत्रिक है क्योंकि छात्र को प्रश्न पूछकर अपना संशय दूर करने के अधिकार से वंचित किया जा रहा है। यह अलोकतांत्रिक नहीं होगा यदि कोई छात्र अपने अध्यापक से प्रश्न करे। सबसे अच्छी चीज जो एक अध्यापक कर सकता है वह यह है कि वह छात्रों से कहे कि कक्षा समाप्त होने के उपरांत बच्चे प्रश्नों के उत्तर जान सकते हैं, किन्तु उसे छात्रों के प्रश्नों के उत्तर देने चाहिए।
iii. तीसरा कथन लोकतांत्रिक है क्योंकि यह ऐसे नियम या कानून की मांग करता है जो कर्मचारियों के लिए लाभप्रद हो। कर्मचारी सदैव ही कानूनी मानकों के अनुसार अपने अधिकारी से किसी चीज का अनुरोध या मांग कर सकते हैं। अतः यह कथन लोकतांत्रिक मूल्यों के सापेक्ष है।

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App